# आइआइएम रांची में टेड-एक्स का नौवां संस्करण संपन्न

# सफल जीवन की ओर बढ़ें युवा

## थीम दी एरा ऑफ कॉन्सर्टेड क्योस पर वक्ताओं ने दिये विचार

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में शनिवार को टेड-एक्स के नौवें संस्करण का आयोजन हुआ. टेड-एक्स का संचालन थीम "दी एरा ऑफ कॉन्सर्टेड क्योस" पर हुआ. जहां देशभर से पहुंचे शख्सियतों ने अपने विचार रखे. आयोजन में बतौर वक्ता केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, पीएम काउंसिल ऑन क्लाइमेट चेंज की सदस्य ज्योति पारीख, शेफ अजय चोपड़ा, पूर्व आइपीएस राजन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार दीपिका नारायण भारद्वाज, कपल पायलट तपेश कुमार व प्राची गोस्वामी, फेमिना मिस इंडिया की रनर अप मान्या सिंह, फैशन डिजायनर आकिब वाणी ने अपनी जीवन यात्रा साझा की. साथ ही विद्यार्थियों को अराजगता के युग में सफल जीवन के नेतृत्व की सीख दी.

### टेड-एक्स विचारों का उत्सव

आयोजन के दौरान आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि टेड-एक्स विचारों का उत्सव है. युवाओं को अपने विचार को अपनी ताकत बनाना होगा. इससे खुद के लिए और दूसरों के लिए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकेंगे. वहीं, वक्ता डॉ ज्योति पारिख ने ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों पर चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी लोगों को लेनी होगी. पर्यावरण में कार्बन उत्सर्जन कम हो.

Prabhat Khabar, 05.02.2023, Pg. 10